तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,
पूसा, समस्तीपुर 848 125 बिहार

सूचना सं0 1004 / ति0कृ0महा0, ढोली

दिनांक– 06 / 02 / 2021

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ति0कृ0महा0, ढोली के उद्यान विभाग में अवस्थित अनुपयोगी एवं बेकार पड़े सामानों की बिक्री खुली डाक / नीलामी(Open Auction) के आधार पर दिनांक 24.02.2021 को पूर्वा0 11:30 बजे से किये जाने का निर्णय हुआ है।

इस डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति खुली डाक में भाग लेने हेतु दिनाकं 20.02.2021 से 23.02.2021 तक सामानों को महाविद्यालय परिसर के कार्य दिवस में आकर पूर्वाहन् 10 बजे से अपराहन् 4:30 बजे के बीच देख सकते हैं तथा दिनाकं 24.02.2021 को नीलामी में बोली लगाने हेतु स्वयं उपस्थित हो सकते हैं।

इस डाक में बोली लगाने हेतु वैसे व्यक्ति ही शामिल होगें जो दिनांक 23.02.2021 को कार्यालय अवधि पूर्वा0 10 बजे से अपराह्न 5 बजे के बीच तथा दि0 24.02.2021 को पूर्वा0 11.00 बजे तक जमानत राशि के रूप में रू0 1,000.00 (एक हजार रूपये)मात्र श्री अरूण कुमार भंडारपाल, केन्द्रीय भंडार, ति0कृ0महा0, ढोली के पास नकद जमा करेंगे।

अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति को नीलामी की स्वीकृति के उपरांत तत्क्षण कुल नीलामी राशि का 25 (पच्चीस) प्रतिशत जमानत राशि के अलावा एवं तीन दिनो के अंदर शेष 75 (पचहत्तर) प्रतिशत राशि रोकड़पाल ति0कृ0महा0, ढोली को जमा करने के उपरांत सामान उठा लेना अनिवार्य होगा अन्यथा नीलामी रद्द कर दिया जायेगा।

वैसे व्यक्ति जो नीलामी मे अधिकतम बोली नही लगा सकेगें उनकी जमानत राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद उन्हें नकद वापस कर दी जाएगी।

डाक में न्युनतम से कम बोली लगाये जाने की स्थिति में नीलामी समिति को यह अधिकार होगा कि डाक बोलने वाले व्यक्ति से मोल–भाव द्वारा प्राक्कलित राशि तय कर बिक्री सुनिश्चित कर सकें ।

बिना कारण बताये नीलामी रद्द या स्थगित करने का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित होगा।

अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली

06.02.2021